प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – 4300 से अधिक कृषि उत्पादक संगठनों ने ई–एनएएम पोर्टल पर पंजीकरण कराया, 4 करोड़ 80 लाख किसानों को 249 करोड़ रुपये का हुआ भुगतान।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रांची के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में हुए शामिल, छात्रों से शिक्षा को राष्ट्र सेवा से जोड़ने का किया आह्वान।
- राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने खूंटी के छात्रावास का दौरा कर छात्रों से किया संवाद, सुविधाओं को शीघ्र बहाल करने का दिया आश्वासन।
- राज्य की पुलिस को साइबर अपराध और बाइक चोरी के मामलों में मिली सफलता, बारह अपराधी हुए गिरफ्तार, 32 मोबाइल, 36 सिम कार्ड समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद।
- झारखंड में मौसम ने फिर ली करवट, अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट।

******************

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले साल के अंत तक 4300 से अधिक कृषि उत्पादक संगठनों ने ई–एनएएम पोर्टल पर पंजीकरण कराया है और इन एफपीओ के 4 करोड़ 80 लाख से अधिक किसानों को 249 करोड़ रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ है। राज्यसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि देश भर में अब तक 10 हजार से अधिक एफपीओ का गठन किया जा चुका है।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज रांची के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने यूजी और पीजी के 183 टॉपर छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया और छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा को राष्ट्र सेवा से जोड़ने का संदेश दिया।

******************

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने खूंटी के बिरसा मुंडा जनजातीय बालिका छात्रावास का दौरा किया और छात्राओं से सीधा संवाद किया। मंत्री ने छात्रों को कैरियर निर्माण के लिए प्रेरित किया और भवन की रिपेयरिंग, छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण जैसी सुविधाओं को शीघ्र बहाल करने का भरोसा दिलाया।

******************

झारखंड हाई कोर्ट में स्थानीय शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर पूर्व पार्षद रोशनी खलखो द्वारा दायर मामले में सुनवाई हुई। अदालत ने तीन हफ्ते में चुनाव कराने के आदेश से संबंधित अवमानना याचिका दायर की थी। केंद्रीय चुनाव आयोग ने बताया कि जुलाई 2024 में प्रकाशित

वोटर लिस्ट को अप–टू–डेट मानकर चुनाव कराए जाएंगे। अधिवक्ता विनोद सिंह ने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन आयोग ने पुष्टि की कि यह वोटर लिस्ट चुनावों के लिए इस्तेमाल की जाएगी।

******************

आकाशवाणी महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में आकाशवाणी के कैंप कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आकाशवाणी के अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और महाकुंभ के व्यापक कवरेज के लिए की गई व्यवस्था की समीक्षा की। आकाशवाणी ने 10 जनवरी को कुंभवाणी की शुरुआत की थी। इस कार्यक्रम को 103 दशमलव 5 मेगाहट्‌र्ज फ्रीक्वेंसी के अलावा न्यूज़ऑनएआईआर ऐप और ओटीटी वेव्स पर सुना जा सकता है।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में छात्रों को तनावमुक्त परीक्षा का मंत्र देंगे। इस बार, 10 फरवरी को प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में आठ एपिसोड होंगे और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगी। खूंटी के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थी प्रधानमंत्री के टिप्स को लेकर उत्साहित हैं।

******************

राज्य की पुलिस को साइबर अपराध और बाइक चोरी के अलग अलग मामलों में सफलता मिली है। पूर्वी सिंहभूम के सीतारामडेरा थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

इधर जामताड़ा पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

उधर गिरिडीह पुलिस ने गांडेय और जमुआ थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। एसपी विमल कुमार ने बताया कि ये अपराधी फर्जी बैंक अधिकारी बनकर और फर्जी लिंक भेजकर लोगों से ठगी करते थे।

******************

रामगढ़ जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन और सामाजिक संगठनों के द्वारा हर स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

रांची के मोराहबादी स्थित मेगा स्पोट्‌र्स कॉम्प्लेक्स में 10 से 15 फरवरी तक 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन होगा जिस में 18 राज्यों, 2 केंद्र शासित प्रदेशों और अर्द्धसैनिक बलों की 8 टीमें भाग लेंगी।

******************

रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कल से तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्‌घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे, जबकि दस फरवरी को होने वाले समापन समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्य अतिथि होंगे। इस मेले में 120 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें कृषि, पशुपालन, जैव प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि यंत्रों से जुड़ी आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन होगा।

******************

झारखंड में मौसम ने फिर करवट ली है। मौसम विभाग केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तरी उत्तर पश्चिम हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी।

*******समाप्त*******